| PUBLICATION NAME : | Rashtriya Sagar |
|---|---|
| EDITION : | Patna |
| DATE : | 20/04/24 |
| PAGE : | 2 |

# ईडीआईआई ने दो प्रोग्रामों के लिए मांगे आवेदन, इंटरव्यू 30 से

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**पटनाः** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) ने अपने 2 वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामों पीजीडीएम इन एंटरप्रेन्योरिशप (पीजीडीएम-ई) और पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेंट (पीजीडीएम-आईईवी) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

ये प्रोग्राम उभरते एंटरप्रेन्योर्स और उन लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। 2024-26 बैच के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल है और इंटरव्यू की शुरूआत 30 अप्रैल को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उक्त बातें ईडीआईआई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज भारती ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीजीडीएम-ई प्रोग्राम अपने 27वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेंट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया व्यापक दो वर्षीय फुल टाईम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन लर्निंग (व्यवहारिक कौशल) सीखने का मौका मिलता है।

उन्होंने आगे बताया कि पीजीडीएम-आईईवी भी दो वर्षीय फुल टाईम प्रोग्राम है, जिसे एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक कोर्स आधुनिक आइडिया को स्थायी बिजनेस अवसर में बदलने के छात्रों के कौशल को अपग्रेड करता है।